an>

Title: Need to appoint medical staff in the hospital in village Bakhri in East Champaran district, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर) ः नियम 377 के माध्यम से सरकार को सूचित करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर अंतर्गत पूर्वी चम्पारण जिले के पताही प्रखंड के बखरी ग्राम में राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति कई वर्ष पूर्व प्राप्त हो चुकी है और भूमि से लेकर भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। मैंने भी अपने सांसद ऐच्छिक कोष से एक कमरे का निर्माण कराया है। परन्तु उपरोक्त स्वास्थ्य केंद्र को अभी तक संचालित नहीं किया जा सका है। क्योंकि इसके लिए आवश्यक स्टॉफ की नियुक्ति नहीं हुई है। इस संबंध में चिकित्साधिकारी से लेकर अन्य कर्मचारियों की जल्द नियुक्ति करने के लिए प्रस्ताव भी कई वर्ष पूर्व दिया जा चुका है परन्तु अभी तक चिकित्सक एवं आवश्यक स्टॉफ की नियुक्ति नहीं होना राज्य सरकार का स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। उपरोक्त स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं कर्मियों की कमी से इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं जबकि यह क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है और कई वर्षों से कई विभिन्न प्रकार की बीमारियों का प्रकोप इस क्षेत्र के आस-पास देखा गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनता के व्यापक हित में मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर अंतर्गत पूर्वी चम्पारण जिले के पताही प्रखंड के बखरी ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति कराकर इसे जल्द संचालित कराने की कृपा करें।